>

Title: Need to carry out repair work of National Highway-76 between Allahabad and Mahoba in Uttar Pradesh.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से आज एक तात्कालिक अविलम्बनीय लोक-महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 76 से सम्बन्धित है।

मिर्जापुर से इलाहाबाद, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी होकर पाकिस्तान की सीमा के निकट राजस्थान के पिंडवाड़ा तक यह मार्ग जाता है। यह मार्ग इलाहाबाद से चित्रकूट, चित्रकूट से बांदा के बीच तथा बांदा से महोबा के बीच पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इस पर इतने गड्ढे हो गये हैं कि स्थिति बड़ी दयनीय हो गई है। चित्रकूट और बांदा, शिवरामपुर, अतरड़ा और महोबा के बीच में स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि चित्रकूट आने वाले जो तीर्थयात्री हैं, वह एक धार्मिक स्थल है, जहां भगवान राम 12 साल उस चित्रकूट में रहे हैं। वह पर्यटक स्थल भी है, मैं उस क्षेत्र से चुनकर आता हूं, वह मेरी कर्मभूमि, जन्मभूमि है और वहां इलाहाबाद भी हमारी धार्मिक आस्था का केन्द्र है। अगर इलाहाबाद से चित्रकूट आप कभी कार में जायें तो मैं समझता हूं कि पांच से दस घंटे इलाहाबाद से आने में लगेंगे और आपका कचूमर निकल जायेगा।

यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। मैंने लगातार माननीय मंत्री जी को कई बार इस सम्बन्ध में लिखा है, किन्तु एन.एच.76 की मरम्मत नहीं की जा रही है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि एन.एच. 76 का तत्काल उच्चीकरण किया जाये और उच्चीकरण करके जगह-जगह जो 3-3 फीट गहरे गड्ढे हैं, अभी भादों का महीना है, वहां बड़ा विकराल मेला लगने जा रहा है। मैं एक मिनट में आपसे मांग करना चाहता हूं कि भादवीं अमावस्या में जो टूरिस्ट और धार्मिक लोग वहां आ रहे हैं, जो अन्य लोग आ रहे हैं, वहां उस सड़क में जगह-जगह 3-3 फीट के गड्ढे हैं, इससे आवागमन बाधित है। उन गडढों को तत्काल पुरवा करके अभी अगर आपके पास बजट नहीं है तो टैम्पोरेरी उन गडढों को पुरवा करके तत्काल अगर ठीक नहीं करवाया गया तो हमारी जो अमावस्या आने वाली है, तब वहां पर बहुत बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

सभापति महोदय : आप लिखकर दे दीजिए।

श्री आर.के.िंसह पटेल: मैंने लिखकर दे दिया है। माननीय मंत्री जी से मेरी बात भी हुई है। इस भादवीं अमावस्या तक अगर गड्ढे नहीं पुरवाये गये, उनकी मरम्मत नहीं की गई तो सत्र चल रहा है, मैं लोक सभा के सामने यहीं पर धरने पर बैठने के लिए बाध्य हो जाऊंगा, इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि तत्काल इस नेशनल हाईवे की मरम्मत कराई जाये।

सभापति महोदय: आपने अपनी भावना व्यक्त कर दी। इसके बाद आपकी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

श्री विजय बहादुर सिंह को श्री आर.के. सिंह पटेल के साथ सम्बद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।